132

न्यायालयः समक्ष राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

प्र.क्र. निग/ /2017/श्योपुर III/ निगरानी/श्योपुर/भू.रा/2017/4808

1. कैलाश पुत्र राधेश्याम मीणा
2. मनभर बाई पत्नि जगदीश मीणा
   निवासीगण ग्राम कुड़ायथा
3. श्रीमती कमली पत्नि राधेश्याम मीणा
4. उर्मिला पत्नि गिर्राज मीणा
5. गिर्राज पुत्र राधेश्याम मीणा
   निवासी ग्राम ललितपुरा तह. बड़ौदा
   जिला–श्योपुर

........आवेदक/निगरानीकर्तागण

बनाम

मध्यप्रदेश शासन द्वारा

कलेक्टर जिला श्योपुर

......अनावेदक/गैरनिगरानीकर्ता

निगरानी अन्तर्गत धारा 50 भू–राजस्व संहिता विरूद्ध न्यायालय कलेक्टर जिला श्योपुर के प्रकरण क्रमांक 01/15–16/स्वमेव निगरानी आदेश दिनांक 28/11/2017 से व्यथित होकर

माननीय न्यायालय,

आवेदक की ओर से निगरानी निम्न प्रकार प्रस्तुत है :–

निगरानी का संक्षिप्त विवरण :– निगरानीकर्ता के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ललितपुरा में स्थित है जिसका व्यवस्थापन शासन के नियमानुसार वर्ष 2001 में नायब तहसीलदार बड़ौदा के प्रकरण क्रमांक 45/2000–01/अ–19 में पारित आदेश दिनांक 28–12–2001 से आवेदक क्रमांक 3,4 व 5 को ग्राम ललितपुरा के सर्वे क्रमांक 352 में हुआ था। तथा निगरानीकर्ता 1 व 2 का पट्टा नायब तहसीलदार महोदय बड़ौदा के प्रकरण क्रमांक 9/2006–07/अ–19 में पारित आदेश दिनांक 08–03–2007 से हुआ था। जिसे न्यायालय कलेक्टर श्योपुर द्वारा एक शिकायत के आधार पर तहसीलदार बड़ौदा द्वारा दिये गये प्रतिवेदन दिनांक 15–09–2015 के आधार पर स्वमेव निगरानी में लेकर दिनांक

XXIX(a)-BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश - ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक - दो/निगरानी/श्योपुर/भू.रा./2017/4808

स्थान एवं दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
22/02/2019	आवेदक की ओर से अधिवक्ता श्री दिवाकर दीक्षित उपस्थित। आवेदक की ओर से यह निगरानी कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत की गई है। म.प्र. भू-राजस्व संहिता में दिनांक 25.09.2018 को हुए संशोधन के फलस्वरूप अब नवीन संशोधित संहिता की धारा 50 सहपठित संहिता की धारा 54(ए) के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध सुनवाई आयुक्त द्वारा की जाना है। अतः यह प्रकरण सुनवाई हेतु आयुक्त को भेजा जाता है। उभयपक्ष प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 23.04.2019 को आयुक्त चंबल संभाग मुरैना के समक्ष उपस्थित हों। सदस्य **<u>आयुक्त चंबल संभाग मुरैना</u>**	